विधान सभा सचिवालय
मध्य प्रदेश
समाचार

श्री बिरला के पुनः लोकसभा अध्यक्ष बनने पर विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने दी बधाई
श्री बिरला के अनुभव का लाभ सदन को मिलेगाः श्री तोमर

भोपाल, 26 जून 2024

मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर ने श्री ओम बिरला को लोकसभा अध्यक्ष के पद पर दूसरी बार निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

माननीय लोकसभा अध्यक्ष को भेजे अपने संदेश में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा है कि लोकसभा के सभी सदस्यों के साथ ही हम सभी का सौभाग्य है कि अध्यक्ष के रूप में श्री बिरला का मार्गदर्शन पुनः प्राप्त होने जा रहा है।

श्री तोमर ने शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि स्वतंत्रता के अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कालखंड में संसद की भूमिका हमारी लोकतांत्रिक विरासत को और अधिक समृद्ध–सशक्त करने की तो है ही साथ ही राष्ट्र के विकास एवं कल्याण में नए आयाम स्थापित करने की भी है। मुझे गर्व है कि 17वीं लोकसभा में 5 वर्ष तक लगातार अध्यक्ष के रूप में श्री बिरला ने अपने प्रभावी एवं कुशल मार्गदर्शन से लोकसभा ने संसदीय प्रक्रिया एवं परंपराओं को समृद्ध किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि 18वीं लोकसभा के अध्यक्ष के पद पर उनका आसीन होना भारतीय संसदीय गरिमा को और अधिक गौरवान्वित करेगा।

विस/ जसं/24

नरेंद्र मिश्रा
अवर सचिव